अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

23 DEC. 2023

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams





**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया**




- महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस (National Mathematics Day) मनाया जाता है.
- साल 2012 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में घोषित किया था.
- साल 1991 में श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी 'द मैन हू न्यू इंफिनिटी' प्रकशित हुई थी.
- रामानुजन का जन्म के दिन साल 1887 में तमिलनाडु के इरोड में एक ब्राह्मण अयंगर परिवार में हुआ था.

2. **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन नए क्रिमिनल लॉ बिल पेश किए**



- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन नए क्रिमिनल लॉ बिल पेश किए, जो पास हो गए हैं।
- अब इसे राज्यसभा में रखा जाएगा, वहां से पास होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा।
- इसे पेश करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- अंग्रेजों के समय का राजद्रोह कानून खत्म किया गया है।
- नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग जैसे क्राइम में फांसी की सजा दी जाएगी।
- अब आरोपी को याचिका दायर करने के लिए सात दिन मिलेंगे, न्यायाधीश को उन सात दिनों में सुनवाई करनी होगी।
- अब शिकायत मिलने के तीन दिन के भीतर पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करनी होगी और 14 दिन के भीतर प्रारंभिक जांच पूरी करनी होगी।
- अगर कोई देश की सुरक्षा, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी, जिसे राजद्रोह की जगह देशद्रोह कर दिया है।
- 18 साल से कम उम्र की बच्ची से रेप में आजीवन कारावास और मौत की सजा का प्रावधान है
- सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम 3 साल में देना होगा, देश में 5 करोड़ केस पेंडिंग हैं, इनमें से 4.44 करोड़ केस ट्रायल कोर्ट में हैं।
- इसी तरह जिला अदालतों में जजों के 25,042 पदों में से 5,850 पद खाली हैं।
- IPC में मौजूद 19 प्रावधानों को हटा दिया गया है।
- 33 अपराधों में कारावास की सजा बढ़ाई है, 83 अपराधों में जुर्माने की सजा बढ़ा दी गई है।

3. **माधव शर्मा को राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित 'एक्सीलेंट एग्री-जर्नलिज़्म अवॉर्ड' से नवाज़ा गया**




- किसान तक के माधव शर्मा को एक्सीलेंट एग्री-जर्नलिज्म अवार्ड से नवाजा गया है.
- सोसाइटी ऑफ एक्सटेंशन एजुकेशन,आगरा की ओर से जयपुर स्थित राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान कैंपस में आयोजित कांफ्रेस में यह अवॉर्ड दिया गया.
- तीन दिवसीय पहली अंतर्राष्ट्रीय एक्टेंशन एजुकेशन में आईसीएआर और अन्य संस्थाएं भी भागीदार हैं.

4. **तमिलनाडु में खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन किया जाएगा**




- अभी हाल ही में खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन तमिलनाडु में कराने की घोषणा की गयी है।

- खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन तमिलनाडु में 19 से 31 जनवरी तक किया जाएगा।
- 2024 तमिलनाडु सरकार के अनुसार, इन खेलों का आयोजन राजधानी चैन्नई, कोयम्बतूर, मदुरै और त्रिची में किया जाएगा।
- इन खेलों में साढ़े पांच हजार से ज्यादा खिलाड़ी और 1600 से अधिक कोच के शामिल होने की संभावना है।
- खेलो इंडिया गेम्स में 27 प्रकार की प्रतिस्पर्धाएं होंगी जिन में एक हजार से अधिक रेफरी और 1200 स्वयंसेवी हिस्सा लेंगे।
- पहली बार, खेलो इंडिया गेम्स में स्क्वैश को शामिल किया गया है।

**5. मध्य प्रदेश में कूनो वन महोत्सव मनाया गया**






- मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के बाहरी इलाके रानीपुरा गांव में पांच दिवसीय कूनो वन महोत्सव मनाया गया.
- इस आयोजन का उद्देश्य विविध वनस्पतियों और जीवों और कुनो के जंगल को उजागर करना है, साथ ही चीता संरक्षण की वकालत करना भी है। इसमें स्थानीय कला, शिल्प, लोक संगीत, नृत्य रूप और साहसिक खेल शामिल थे।
- वन महोत्सव का मुख्य आकर्षण साहसिक खेल, जंगल सफारी, हॉट एयर बैलूनिंग, पैरासेलिंग, पैराग्लाइडिंग, गुफा भ्रमण, लोक संगीत, ग्राम भ्रमण आदि थे।
- मध्य प्रदेश एक विविध संस्कृति और समृद्ध वन्य जीवन प्रदान करता है, जिसमें कुनो में जंगल सफारी के दौरान चीता को देखना भी शामिल है। पर्यटक स्थानीय भोजन/व्यंजनों का स्वाद भी ले सकते हैं।
- मध्य प्रदेश के बारे में
- राजधानी – भोपाल
- मुख्यमंत्री – डॉ. मोहन यादव (शिवराज सिंह चौहान की जगह)
- डिप्टी सीएम-जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला
- मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष - नरेंद्र सिंह तोमर
- राज्यपाल – मंगुभाई सी. पटेल
- लोक शबा सीटें – 29; राज्यसभा सीटें- 11
- विधान सभा सीटें- 230

**6. मध्य प्रदेश में जल महोत्सव 2023 का आयोजन हुआ**




- 20 दिसंबर, 2023 को खंडवा ज़िले के इंदिरा सागर बांध के जलाशय में जल पर्यटन के लिए देशभर में प्रसिद्ध हनुवंतिया टापू पर जल महोत्सव का 8वां संस्करण शुरू हो गया। महोत्सव का समापन 20 फरवरी को होगा।
- नर्मदा नदी पर बने इंदिरा सागर बांध के बेकवाटर में बसे निमाड़ का सिंगापुर कहे जाने वाले हनुवंतिया में दो माह तक पर्यटक टेंट सिटी, वाटर स्पोर्ट्स और जल, थल तथा आकाश की रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे।
- कल्चरल एक्टिविटीज के साथ साथ यहाँ कई तरह की वैलनेस एक्टिविटीज का भी आयोजन किया जायेगा जो मध्य प्रदेश के मिनी गोवा में आये पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।
- मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा सनसेट डेजर्ट कैंप के सहयोग से जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए उच्चतम मानक अनुसार व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

**7. राजस्थान का पहला 'सिने महोत्सव' जयपुर में आयोजित किया जा रहा है**



- मित्तल एंड एल.एस. फिल्म्स की ओर से गुलाबी नगरी में पहले 'राजस्थान सिने महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है।
- 28 दिसंबर, 2023 से 31 दिसंबर, 2023 तक सुबह 11 से रात 10 बजे खासा कोठी स्थित माया इंटरनेशनल होटल में होने वाले महोत्सव में कला प्रेमियों को एंटरटेनमेंट का फुल डोज मिलेगा।
- राजस्थानी लोक कलाओं समेत कई एंटरटेनिंग परफॉर्मेंस, फिल्म स्क्रीनिंग, फैशन शो, अवॉर्ड, म्यूजिक कॉन्सर्ट, किड्स

प्ले जोन, फूड कोर्ट इसके प्रमुख आकर्षण रहेंगे। महोत्सव के तहत भव्य जश्न के साथ नए साल का स्वागत किया जाएगा।

8. क्लबों के लिए फीफा का 32-टीम विश्व कप फुटबॉल का चेहरा बदल सकता है



- फीफा ने रविवार को घोषणा की कि 2025 में पहली बार आयोजित होने वाले उसके संशोधित क्लब विश्व कप में 32 टीमें शामिल होंगी और यह जून के मध्य से जुलाई के मध्य तक खेला जाएगा।
- संयुक्त राज्य अमेरिका विस्तारित कार्यक्रम के 2025 संस्करण की मेजबानी करेगा, जो उसके बाद हर चार साल में आयोजित किया जाएगा।
- टूर्नामेंट में चार-चार के आठ समूह होंगे और प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें नॉकआउट चरण में पहुंचेंगी - विश्व कप के समान प्रारूप।
- फीफा क्लब विश्व कप का वर्तमान संस्करण - सात टीमों के साथ एक वार्षिक प्रतियोगिता - सऊदी अरब द्वारा आयोजित किए जा रहे टूर्नामेंट के बाद बंद कर दिया जाएगा।

**9. वीपी धनखड़ ने लखनऊ में अटल स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन किया**



- भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ के पीएनटी ग्राउंड में पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन किया।
- अटल बिहारी बाजपेयी ने लम्बे समय तक लखनऊ और देश का नेतृत्व किया।
- धनखड़ ने राष्ट्र-प्रथम दृष्टिकोण पर जोर देते हुए युवाओं को प्रदर्शन और सफलता के लिए स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की सलाह दी।
- यह मेला 48 सरकारी और निजी अस्पतालों द्वारा संचालित चिकित्सा शिविरों की मेजबानी कर रहा है।

10. **भारतीय नौसेना ने गल्फ ऑफ़ अडेन जल क्षेत्र में स्वदेशी गाइडेड मिसाइल तैनात की**



- भारतीय नौसेना ने हालिया समुद्री डकैती की घटना के मद्देनजर अदन की खाड़ी क्षेत्र (Gulf of Aden region) में स्वदेशी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक तैनात किया है.
- इस कदम का उद्देश्य अदन की खाड़ी क्षेत्र में समुद्री डकैती के प्रयासों को रोकना है.
- अदन की खाड़ी अरब सागर मे, यमन और सोमालिया (हॉर्न ऑफ़ अफ्रीका) के मध्य स्थित है.
- यह लाल सागर और अरब सागर के बीच एक प्राकृतिक समुद्री लिंक बनाता है.

# CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. राष्ट्रीय गणित दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**
(a) 20 दिसंबर
(b) 21 दिसंबर
(c) 22 दिसंबर
(d) 23 दिसंबर

**2. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कितने नए क्रिमिनल लॉ बिल पेश किए, जो पास हो गए हैं?**
(a) 2
(b) 3
(c) 4
(d) 5

**3. राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित 'एक्सीलेंट एग्री-जर्नलिज़्म अवॉर्ड' से किसे नवाज़ा गया है?**
(a) प्रणव भार्गव
(b) नरेंद्र सिंह रावत
(c) माधव शर्मा
(d) गोपाल कृष्ण व्यास

**4. निम्न में से किस राज्य में खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन किया जाएगा?**
(a) पंजाब
(b) ओडिशा
(c) तमिलनाडु
(d) राजस्थान

**5. कुनो वन महोत्सव किस राज्य में मनाया गया है?**
(a) उत्तर प्रदेश
(b) गुजरात
(c) राजस्थान
(d) मध्य प्रदेश

**6. हाल ही में जल महोत्सव 2023 का आयोजन कहाँ हुआ ?**
a) उत्तराखंड
(b) हिमाचल प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश
(d) जम्मू और कश्मीर

**7. राजस्थान का पहला 'सिने महोत्सव' कहाँ आयोजित किया जा रहा है?**
(a) जैसलमेर
(b) बीकानेर
(c) जयपुर
(d) सिरोही

**8. कौन सा देश 2025 में पहले 32-टीम फीफा क्लब विश्व कप की मेजबानी करेगा?**
(a) फ्रांस
(b) इटली
(c) यूके
(d) यूएसए

**9. उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पीएनटी ग्राउंड में पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में अटल स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन किसने किया है?**
(a) जगदीप धनखड़
(b) एस जयशंकर
(c) अजीत डोभाल
(d) द्रौपदी मुर्मु

**10. भारतीय नौसेना ने हाल ही में किस जल क्षेत्र में स्वदेशी गाइडेड मिसाइल तैनात की है?**
(a) गल्फ ऑफ़ अडेन
(b) गल्फ ऑफ ओमान
(c) गल्फ ऑफ बहरीन
(d) गल्फ ऑफ मन्नार

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (b) | (c) | (c) | (d) | (c) | (c) | (d) | (a) | (a) |